कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला–बुरहानपुर (म0प्र0)

//आदेश//

क्रमांक 09/चतुर्थ श्रेणी भर्ती/21 बुरहानपुर, दिनांक 11.01.2022

माननीय रजिस्ट्री द्वारा ई–मेल से प्राप्त परिपत्र क्रमांक ए/136/2022 जबलपुर दिनांक 07.01.2022 के तारतम्य में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय को उनके अधीनस्थ पदस्थापनाओं पर कोरोना संक्रमण हेतु सुरक्षात्मक उपाय किये जाने का उत्तरदायित्व भी सौंपा गया है। ऐसी स्थिति में इस स्थापना पर आयोजित साक्षात्कार में बुरहानपुर जिले के सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के अन्य जिलो से कुल 1140 अभ्यर्थी सम्मिलित होना हैं। वर्तमान में कोविड–19 के डेल्टा वेरिएंट एवं ओमिक्रान के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण के प्रतिभागियों के सम्पर्क में आने से कोरोना संक्रमण की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

अतः उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये इस स्थापना पर चतुर्थ श्रेणी (वाहन चालक, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक, माली एवं स्वीपर) कलेक्टर रेट/आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारीगण की सीधी भर्ती हेतु दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाला दो दिवसीय साक्षात्कार कार्यक्रम आगामी आदेश तक निरस्त किया जाता है।

आगामी साक्षात्कार की सूचना पृथक से दी जावेगी।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बुरहानपुर (म.प्र.)

पृष्ठा. क्रमांक /चतुर्थ श्रेणी भर्ती/21 बुरहानपुर, दिनांक 11.01.2022

प्रतिलिपि–

1. निज सचिव, मान्नीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर मान्नीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने बाबत्।
2. श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. श्रीमान रजिस्ट्रार (परीक्षा) उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. श्री चंद्रमोहन, प्रोजेक्ट मैनेजर, टीसीएस की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय बुरहानपुर की ओर संबंधित कर्मचारी से सूचना पटल पर चस्पा करने हेतु प्रेषित।
6. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, जिला न्यायालय बुरहानपुर को उक्त आदेश की प्रति संबंधित को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने एवं मान्नीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।
7. लेखापाल, जिला न्यायालय बुरहानपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बुरहानपुर (म.प्र.)